राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात

जयपुर, 7 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार प्रातरू राजभवन विश्राम गृह में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से विशेष रूप से मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर शुभता के प्रतीक भगवान श्री गणेश की छवि में उकेरी राजस्थान की प्रसिद्ध मीनाकारी कला का स्मृति चिन्ह भी उन्हें भेंट किया। उन्होंने शॉल ओढ़ाकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से इस दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों और संवैधानिक जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा भी की।